**महाप्रबन्धक पी0आई0यू0 जमरानी की अध्यक्षता मे जमरानी बांध परियोजना से सम्बन्धित कार्यों के सुचारू सम्पादन हेतु दिनांक 17.12.2024 को बाराझाला स्थित Camp Office में आयोजित बैठक का कार्यवृत।**

बैठक में निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे:–

1. श्री बी0 बी0 पांडे, उपमहाप्रबन्धक, पी0आई0यू0 जमरानी
2. श्री ललित कुमार, उपमहाप्रबन्धक, पी0आई0यू0 जमरानी
3. श्री पंकज ढौंडियाल, परियोजना प्रबंधक, पी0आई0यू0 जमरानी
4. श्री अजय पंत, परियोजना प्रबंधक पी0आई0यू0 जमरानी
5. श्री हर्षित कुमार, परियोजना प्रबंधक पी0आई0यू0 जमरानी
6. श्री हिमांशु पंत, परियोजना प्रबंधक पी0आई0यू0 जमरानी
7. श्री आर0 पी0 जोशी, सहायक परियोजना प्रबंधक पी0आई0यू0 जमरानी
8. श्री योगेश काण्डपाल, सहायक परियोजना प्रबंधक पी0आई0यू0 जमरानी
9. श्री उमेश अग्रवाल, परियोजना प्रबंधक AFCONS
10. श्री ए0 के0 गोयल, प्रबन्ध निदेशक PMC
11. श्री गोपाल धवन, भू वैज्ञानिक PMC
12. श्री वशिष्ठ राय, टीम लीडर PMC
13. श्री मंजुल पांडे, PMC
14. श्री अविनाश कुमार, सहा0 टीम लीडर PMC

1) सर्वप्रथम महाप्रबन्धक महोदय द्वारा परियोजना प्रबन्धक AFCONS से परियोजना कार्यों के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए बांध कार्यो की प्रगति पर गहरा अंसतोष व्यक्त किया गया तथा परियोजना निर्माण हेतु Updated Construction Schedule भी उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना प्रबंधक M/S AFCONS Infra. Ltd. श्री उमेश अग्रवाल द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 09.10.2024 को डी0टी0 आउटलेट पोर्टल की डाईग उपलब्ध होने पर कार्य आरंभ कर दिया गया था एवं वर्तमान में Diversion Tunnel के Outlet Portal पर 660 मीटर के लेवल तक खुदान व रॉक बोल्ट तथा शॉटक्रीट का कार्य पूर्ण हो चुका है। श्री उमेश अग्रवाल द्वारा आश्वस्त किया गया कि दिनांक 15.01.2025 तक Outlet Portal से टनल खुदान का कार्य आंरभ कर दिया जायेगा जिससे पूर्व Tunnel के Excavation व Support Systems drawings की आवश्यकता होगी जिससे अधिप्राप्ति सम्बन्धी कार्यवाही ससमय की जा सके।
(कार्यवाही हेतु–परियोजना प्रबंधक–01, पी0आई0यू0 जमरानी व श्री उमेश अग्रवाल, परियोजना प्रबंधक M/S AFCONS)

2) महाप्रबन्धक महोदय द्वारा पी0एम0सी0 से Working Drawings के सबंध मे जानकारी चाही गयी। श्री ए0के0 गोयल, प्रबन्धक निदेशक M/S EHYTE India Pvt. Ltd. द्वारा अवगत कराया गया कि आगामी 01 सप्ताह के अर्न्तगत Diversion Tunnel के Excavation and Support System, दिनांक 20.01.2025 तक Coffer Dam तथा माह अप्रैल, 2025 तक Dam Excavation संबंधित Drawings उपलब्ध करा दी जायेंगी। इस पर महाप्रबन्धक महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त समय सीमा के अर्न्तगत ससमय डाईंग्स उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
(कार्यवाही हेतु– परियोजना प्रबंधक–01, पी0आई0यू0 जमरानी व श्री ए0 के0 गोयल, प्रबन्धक निदेशक M/S EHYTE India Pvt. Ltd.)

3) महाप्रबन्धक महोदय द्वारा कार्य के वित्तीय प्रगति के संबध में जानकारी चाही गयी। परियोजना प्रबंधक–1 द्वारा अवगत कराया गया कि AFCONS द्वारा प्रथम बीजक प्रस्तुत कर दिया गया है, जिसके सत्यापन का कार्य पी0एम0सी0 द्वारा किया जा रहा है। श्री ए0के0 गोयल, प्रबन्धक निदेशक M/S EHYTE India Pvt. Ltd. द्वारा अवगत कराया गया कि प्रथम बीजक में मुख्यतः Excavation, एस0डी0ए0 एवं SFRS कार्य सम्मिलित है। यह भी अवगत कराया गया कि किये गये SFRS कार्य हेतु कराये गए Mix Design

में सीमेंट की खपत अनुबंधानुसार विशिष्टियों से भिन्न है। महाप्रबंधक महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्य स्थल में लगभग 6000 cum shotcreting का कार्य किया जाना है, अतः मितव्यवता की दृष्टि से SFRS डिजाइन मिक्स का पुनः Revalidation परियोजना प्रबंधक–3 तथा पी0एम0सी0 के पर्यवेक्षण में तत्काल कराया जाए तथा कार्यों की Measurements PMC तथा परियोजना अधिकारियों द्वारा संयुक्त रुप से की जाए।

(कार्यवाही हेतु– परियोजना प्रबंधक–03, पी0आई0यू0 जमरानी, श्री उमेश अग्रवाल, परियोजना प्रबंधक AFCONS व श्री ए0 के0 गोयल, प्रबन्धक निदेशक M/S EHYTE India Pvt. Ltd.)

4) महाप्रबन्धक महोदय द्वारा Left Bank Slide के Geo-Physical, Geo-Technical Investigation की प्रगति के संबध में जानकारी चाही गयी। परियोजना प्रबंधक–01 द्वारा अवगत कराया गया कि Geo-Physical Investigation पूर्ण हो चुका है तथा Geo-Technical Investigation की कार्यवाही गतिमान है। परियोजना प्रबंधक AFCONS द्वारा दिनांक 10.01.2025 तक Geo-Technical Investigation संबधी कार्य पूर्ण किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया। इस पर महाप्रबधंक महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि दिनांक 10.01.2025 तक Investigation का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें तथा PMC को निर्देशित किया गया कि Investigation की रिपोर्ट प्राप्त होने के 10 दिनों के अन्तर्गत Left Bank Slope Stabilization का विस्तृत प्रस्ताव उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही हेतु– परियोजना प्रबंधक–01, पी0आई0यू0 जमरानी व श्री ए0 के0 गोयल, प्रबन्धक निदेशक M/S EHYTE India Pvt. Ltd.)

5) महाप्रबन्धक महोदय द्वारा Coffer Dam की Bearing Capacity हेतु Plate Load Test की प्रगति के संबध में जानकारी चाही गयी। परियोजना प्रबन्धक–03 द्वारा अवगत कराया गया कि इस कार्य हेतु अधिप्राप्ति की प्रकिया गतिमान है। महाप्रबधक महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि दिनांक 10.01.2025 तक Investigation कार्य पूर्ण कर रिपोर्ट पी0एम0सी0 को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही हेतु– परियोजना प्रबंधक– 03, पी0आई0यू0 जमरानी।)

6) महाप्रबन्धक महोदय द्वारा Diversion Tunnel and Outlet Portal के Instrumentation के संबध में सूचना चाही गयी। परियोजना प्रबंधक–3 द्वारा अवगत कराया गया कि पी0एम0सी0 द्वारा अनुमोदित Instruments के प्रकार, विशिष्टियॉ एवं संख्याओं का विवरण AFCONS को वित्तीय प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित किया गया है। महाप्रबन्धक महोदय द्वारा परियोजना प्रंबधक AFCONS को त्वरित आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही हेतु– परियोजना प्रबंधक–03, पी0आई0यू0 जमरानी व श्री उमेश अग्रवाल, परियोजना प्रबंधक AFCONS)

7) महाप्रबन्धक महोदय द्वारा परियोजना प्रभावित परिवारों हेतु विकसित किये जा रहे पुर्नवास स्थल की मास्टर प्लानिंग कार्य तथा हैडाखान मंदिर के पुर्नव्यवस्थापन हेतु चयनित वन पंचायत भूमि के हस्तांतरण प्रकरण में हो रहे विलम्ब पर असंन्तोष व्यक्त करते हुए परियोजना प्रबन्धक–05 को निर्देशित किया गया कि उक्त कार्य आगामी 01 माह में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही हेतु– परियोजना प्रबंधक–05, पी0आई0यू0 जमरानी।)

अंत में सभी उपस्थित अधिकारियों से समस्त कार्य ससमय व गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किये जाने की अपेक्षा के साथ बैठक सधन्यवाद समाप्त की गई।

—ह0—

महाप्रबंधक
पी0आई0यू0 जमरानी,

**Uttarakhand Project Development & Construction Corporation Ltd.**
उत्तराखण्ड परियोजना विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड
**Damuwadhunga, Haldwani**
दमुवाढुंगा, हल्द्वानी।

हल्द्वानी।

पत्रांकः— 579 / कार्यवृत्त / पी0आई0यू0जे0 / महा0 / दिनांक 19, दिसम्बर 2024।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0डी0सी0सी0। (E-mail)
2. समस्त उपमहाप्रबन्धक, पी0आई0यू0 जमरानी।
3. सम्बधित परियोजना प्रवन्धक (द्वारा उपमहाप्रबन्धक), पी0आई0यू0 जमरानी।
4. प्रबन्ध निदेशक, Ehyte India (P) limited PMC, जमरानी बांध।
5. परियोजना प्रबंधक AFCONS Infrastructure Jamrani Dam

19/12

(बी0 बी0 पाण्डे)
उपमहाप्रबन्धक—01
पी0आई0यू0 जमरानी।